कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री लखपति मीना पुत्र श्री बद्रीलाल मीना निवासी ग्राम पोस्ट बीछा तहसील रामगढ पचवारा जिला दौसा राजस्थान –303510

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी लालसोट जिला दौसा

अपील संख्या 33/2022

निर्णय दिनांक 07.04.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी लालसोट से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी लालसोट को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी लालसोट से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी लालसोट को पत्र कमांक:डीएम/कोर्ट/2022/580 दिनांक 24.03.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी लालसोट ने पत्र कमांक: आरटीआई/2022/1042 दिनांक 06.04.2022 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति अपीलांट को प्रेषित की है। जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से दिनांक 11.3.2022 को ही अवगत कराया जा चुका है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.04.19 10:22:09 IST
Reason: SelfAttested
Web Copy - Not Official